**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to establish Central School in Amreli Parliamentary Constituency

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) :** अध्यक्ष महोदया, यह मेरे क्षेत्र का इश्यू है, इसलिए मुझे इसे बताने का पूरा मौका दिया जाये।

महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली में केद्रीय विद्यालय की स्थापना के संदर्भ में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मैं 15वीं लोक सभा से लगातार अमरेली में केद्रीय विद्यालय खोलने के विऐाय को इस सदन में उठा रहा हूं, लेकिन अभी तक इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। यूपीए सरकार में बीजेपी शासित प्रदेशों के प्रति अनदेखी होती थी, जिसके कारण 15वीं लोक सभा में मेरा यह प्रयास असफल रहा। लेकिन हमारी सरकार शिक्षा को लेकर बहुत ही वचनबद्ध है और उसमें किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करती। हमारी सरकार मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एक साल पहले ही केद्रीय विद्यालय को मंजूरी दे चुकी है, लेकिन हमारे जिले के कलेक्टर एवं केद्रीय विद्यालय संगठन के अधिकारियों द्वारा भूमि संबंधित नियमों का हवाला देकर मामले की अनदेखी की जा रही है, जिससे अमरेली के गरीब बच्चों को केद्रीय विद्यालय का लाभ नहीं मिल पा रहा। वहां के अभिभावक अपने बच्चों को केद्रीय विद्यालय में पढ़ाने से वंचित रह रहे हैं।

महोदया, अमरेली शहर में कई एकड़ सरकारी भूमि पर कुछ अमीर व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से गौशाला बनाने के नाम पर कब्जा कर रखा है और दो-चार गायें रखकर भूमि अपने निजी प्रयोग में ले रहे हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह मामला यहां का नहीं है।

...(व्यवधान)

**श्री नारणभाई काछड़िया:** महोदया, जब हम सतर्कता निगरानी समिति के दौरान कलेक्टर के सामने केद्रीय विद्यालय खोलने का विऐाय रखते हैं, तो वह शहर में जमीन न होने का हवाला देकर अपने को मामले से अलग कर लेता है, जबकि गौशाला शहर के बाहर भी चलाई जा सकती है। मेरा कहना है कि भूमि को केद्रीय विद्यालय संगठन को देकर केद्रीय विद्यालय की स्थापना अमरेली जिले में हो सकती है, ताकि गरीब बच्चों को उसका लाभ मिल सके।

महोदया, अंत में, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगा कि इस मामले को अपने संज्ञान में लेकर अमरेली में केद्रीय विद्यालय की स्थापना शीघ्र-अतिशीघ्र की जाये, ताकि गरीब बच्चों को लाभ मिल सके।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल को श्री नारणभाई काछड़िया द्वारा उठाए गए विऐाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।